हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, सोमवार 17 जून 2024
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

4 ठेके पर संचालित सफाई व्यवस्था का नगर निगम ने एक वर्ष से नहीं किया भुगतान



## खबर संक्षेप

### आज मनाई जाएगी बकरीद

**बैकुण्ठपुर।** ईस्लाम धर्म का प्रमुख पर्व में से एक ईद उल अजहा यानी बकरीद का पर्व आज मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिलेभर में ईद उल अजहा का पर्व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि बकरीद इस्लाम धर्म का दूसरा सबसे बड़ा पर्व है। जानकारी के अनुसार यह पर्व हजरत इब्राहिम द्वारा अपने बेटे हजरत इस्माईल की कुर्बानी देने की इच्छा की याद में मनाया जाता है। इस पर्व के अवसर पर बकरे की कुर्बानी दी जाती है। इस दिन सुबह स्नान कर नए कपडे पहनकर नमाज पढ़ते हैं, इसके बाद बकरे की कुर्बानी दी जाती है। इस दिन समुदाय के लोग एक-दूसरे को बधाई भी देते हैं और दावतों का दौर भी चलता है। बकरीद पर्व को मुस्लिम समुदाय के लोगों के द्वारा उल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसका उत्साह कई दिनों पूर्व से ही देखने को मिलता है।

### खेल अलंकरण पुरस्कार के लिए आवेदन 30 तक

**अंबिकापुर।** सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित करने हेतु शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार, शहीद कौशल यादव पुरस्कार शहीद पंकज विक्रम सम्मान, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार एवं शहीद विनोद चौबे सम्मान, मुख्यमंत्री ट्रॉफी हेतु अनुशंसाएं आमंत्रित की जा रही है। इसके साथ साथ वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को नकद राशि पुरस्कार, खेलवृत्ति एवं खेल संघों से प्रेरणा निधि हेतु भी अनुशंसाएं आमंत्रित की जा रही है। पुरस्कार आवेदन पत्र का प्रारूप विज्ञापन संचालनालय के विभागीय वेबसाइट में उपलब्ध है। जिला कार्यालय, संचालनालय रायपुर में सभी आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 30 जून 2024 है।

### यातायात नियमों की अवहेलना पर कार्रवाई

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा जारी अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात के नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही हैं। वाहन चालकों एवं असंवैधानिक पार्किंग करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 68 वाहन चालको से 58 हजार 50 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया हैं।

### जवानों के लिए लगाए जा रहे ट्रैफिक बूथ



**अम्बिकापुर।** शहर के ट्रैफिक जवान अब चौक चौराहों पर ट्रैफिक बूथ पर खड़े होकर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। सरगुजा पुलिस द्वारा अपने जवानों को धूप बारिश से बचाने से के लिए दस प्रमुख चौक पर ट्रैफिक बूथ स्थापित किए जा रहे है। सरगुजा पुलिस द्वारा यातयात के प्रति लोगों में जागरूकता लाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को नियमों की जानकारी देने के साथ ही नियम तोड़ने वालों पर चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस अपने जवानों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए चौक चौराहों पर ट्रैफिक बूथ की स्थापना की जा रही है। पुलिस द्वारा शहर के घड़ी चौक, गांधी चौक, महामाया चौक, थाना चौक, आकाशवाणी चौक, प्रतापपुर नाका चौक, लरंगसाय चौक, भारत माता चौक, बिलासपुर चौक, अम्बेडकर चौक पर ट्रैफिक बूथ स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।

## कलेक्टर के निर्देश पर की गई कार्रवाई

# शासकीय भूमि से हटाया गया अतिक्रमण

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोनहत राकेश साहू के मार्गदर्शन में विगत दिवस सोनहत तहसील के अंतर्गत ग्राम कटगोड़ी में शासकीय भूमि खसरा नंबर 613 में रकबा 0.19 हेक्टेयर जो रास्ता मद की भूमि है, जिससे कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण किया गया था।

ग्रामवासियों के शिकायत प्राप्त होने पर तहसीलदार सोनहत द्वारा राजस्व निरीक्षक, पटवारियों की टीम गठित कर राजस्व अमला, पुलिस बल, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव एवं ग्रामवासियों के सहयोग से अतिक्रमणकर्ता सुरेन्द्र, दादूराम, नन्हूराम, अर्जुन, विजेन्द्र, राजेन्द्र, सभी कटगोड़ी निवासी के द्वारा उक्त रास्ते मद की भूमि को सकरा कर दिया गया था, जिसे उक्त टीम द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराया गया। तहसीलदार ने पटवारियों को निर्देशित किया कि किसी भी ग्राम में सार्वजनिक स्थल पर जैसे सड़क, रास्ता, स्कूल, खेल मैदान, तालाब, गौठान, शमशान घाट का स्थान आदि स्थल पर अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल सूचना देना को कहा है। उन्होंने कहा कि यदि पटवारी सूचना देने में विलंब करते हैं या उनके संज्ञान में आने के बाद भी अतिक्रमण कार्य जारी रहता है तो संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। आने वाले दिनों में अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाया जाएगा, इससे शासकीय भूमि का संरक्षण किया जा सके एवं अवैध अतिक्रमणकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाया जा सके।



कटगोड़ी में हटाया गया अतिक्रमण।

### महिला की संदिग्ध मौत परिजन को हत्या का संदेह

**कोरबा।** मोतीसागरपारा वार्ड में एक नवविवाहिता महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। 22 वर्षीय महिला की कमरे में लाश मिली है। मृतिका के परिजन जब बेटी के घर पहुंचे तो मामले का खुलासा हुआ है। मृतिका परिजनों ने आरोप लगाया है कि दामाद ने ही उनके बेटी की हत्या की है जो कुछ दिन पहले ही एक मर्डर केस में जेल से छूटा है।

पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के मोतीसागरपारा बस्ती का है। शहर के मोतीसागरापारा क्षेत्र में बीती रात उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक महिला की मौत की खबर आम हुई। प्रेम विवाह के तीन साल बाद ही जिस तरह से उसकी मौत हुई उससे कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। मायका पक्ष को जब इस बात की जानकारी हुई तब वे मौके पर पहुंचे गए और हंगामा करने लगे। अंतिम सांस गिन रही पूजा बरेठ को रात में ही अस्पताल पहुंचा दिया गया था। जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# लोकसभा चुनाव के कांग्रेस बागियों पर हुई सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम आते ही कांग्रेस एक्शन मोड़ में आ चुकी है। कांग्रेस ने पार्टी से बगावत कर दूसरे दल को ज्वाइन करने एवं पार्टी के अंदर रहकर भीतर घात करने वाले नेताओं पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है, जो लगातार जारी है।



- नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष सहित 5 पार्षद कांग्रेस से निष्कासित

छत्तीसगढ़ में एकमात्र लोकसभा सीट कोरबा में कांग्रेस ने जीत के बाद मनेन्द्रगढ़ जिले के कांग्रेस अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव काफी आक्रमक तेवर अपनाए हुए हैं और लगातार बागियों पर नकेल कस रहे हैं। पहले ही झगराखांड़ नगर पंचायत के अध्यक्ष रजनीश पांडे, चिरमिरी निगम पार्षद हेमलता मुखर्जी को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई थीं,उसके बाद अब बड़ी कार्रवाई करते हुए झगराखांड़ नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ओम प्रकाश विश्वकर्मा, नगर पंचायत झगराखांड़ के पार्षद जमीला बेगम, सीता कोल, खुनेश्वर प्रसाद (केडी), अरूणिमा केशर, पार्षद पति तौफीक कुरैशी (बाबू) को निष्कासित कर उनकी सदस्यता रद्द कर दी गई है।

जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य में भले कांग्रेस की सरकार ना हो, लेकिन कांग्रेस आम जनता के साथ है और विपक्ष में होने के नाते मुखर होकर जनता की मुद्दे उठाती रहेंगी, ऐसे महत्वपूर्ण समय में कांग्रेस का साथ छोड़ने वाले और भीतरघात करने वालो को बिल्कुल नहीं बक्शा जाएगा।

# युवक का रेता गला फिर पेट में वार कर बाहर निकाल दी अतड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

शनिवार की सुबह एक सनकी युवक ने अपने ही साथी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने युवक को घुमाने के नाम पर अपने साथ लेजाकर पुलिया पर चाकू से उसका गला रेत दिया। सनकी युवक इतने में भी संतुष्टि नहीं मिली तो उसने युवक के पेट पर चाकू से लगातार कई वार किए जिससे उसकी अतड़ियां बाहर आ गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फिलहाल इस घटना में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी युवक का कहना है कि उसके दिमाग में ख्याल आया तो उसने युवक की हत्या कर दी। बता दें कि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 3 निवासी 30 वर्षीय मुकेश यादव आ. स्व. शंकर यादव की दोस्ती बाजारपारा निवासी 20 वर्षीय नीरज साहू आ. विजय साहू से थी। नीरज साहू शनिवार की सुबह मुकेश यादव के घर पहुंचा और उसे घुमाने के ले जाने के लिए निकला था। इस दौरान जब दोनों युवक कुंवरपुर नहर मेढ़ पर स्थति पुलिया पर पहुंचे तो आरोपी नीरज ने अपने पास रखे चाकू से अचानक ही अपने साथी मुकेश यादव पर हमला बोल दिया। इस हमले से युवक को संभालने का मौका नहीं मिला सनकी नीरज साहू से उसका गला रेत दिया जिससे युवक जमीन पर गिर गया। गला रेतने के बाद आरोपी ने उसके पेट पर चाकू से हमला कर दिया जिससे उसकी अतड़ियां बाहर आ गई और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद थाना प्रभारी अश्वनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया।

**खास बात**

- कहा- नशेड़ी कहकर चिढ़ाता था इस लिए मन किया तो मार डाला



घटना स्थल पर युवक का शव व लोगों की भीड़।

### दबंगो का सार्वजनिक नल पर फिर कब्जा

**सीतापुर।** गांव में लोगों को पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने लगाए गए सरकारी नल पर दबंगो का कब्जा कायम है। विभागीय अधिकारी द्वारा नल को कब्जा मुक्त कराने के बाद भी दबंग अपनी आदत से बाज नहीं आए और कब्जा हटाने की कार्रवाई कर अधिकारियों के लौटते ही दबंगो ने ग्रामीणों को जमकर खरी खोटी सुनाई और नल पर फिर से कब्जा जमा लिया। जिससे पेयजल हेतु नल पर आश्रित ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने शासकीय नल पर अतिक्रमण करने वालो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। विदित हो कि ग्राम पंचायत बेलजोरा सावपारा में पेयजल आपूर्ति बहाल करने पीएचई विभाग एवं क्रेडा द्वारा सार्वजनिक नल लगाया गया है जिसका उद्देश्य सावपारा समेत आसपास के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराना है।अब इस सार्वजनिक नल पर गांव के दबंगो ने अपना कब्जा जमा लिया है। दबंगो द्वारा घरेलू उपयोग हेतु सार्वजनिक नल में निजी कनेक्शन लगा लिया है जिसकी वजह से सावपारा के अलावा आसपास के लोगो को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है।

# बस स्टैंड इलाके में टूटा विद्युत तरंगित तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शनिवार की रात्रि शहर के ज्यादातर क्षेत्रों में काफी देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जानकारी के अनुसार रात्रि में स्थानीय बस स्टैंड के पास 33 केव्ही विद्युत लाइन का तार अचानक टूट गया। इस घटना में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ।

विद्युत तार टूटने के बाद लगभग आधे शहर का विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। उमस भर्री गर्मी के बीच विद्युत आपूर्ति बाधित होने की खबर के बाद विद्युत वितरण कंपनी के कर्मियों को सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर विद्युत कर्मी पहुंचे और टूटे विद्युत तार को सुधारने का कार्य शुरू कर दिया गया। करीब पौन घंटे मरम्मत कार्य के बाद विद्युत आपूर्ति फिर से बहाल हो सकी। उमस भरी गर्मी के बीच कुछ देर तक विद्युत आपूर्ति बाधित होने से लोगों को उमस से परेशान होना पड़ा, लेकिन सुधार कार्य के बाद जब विद्युत आपूर्ति बहाल हुई, तब लोगों ने राहत की सांस ली। अब प्री मानसून की शुरूआत होने वाली है, इसके पूर्व अब विद्युत विभाग मेंटेनेंस का कार्य भी शुरू कर देती है, जिससे कि बरसात के समय लोगों विद्युत कट का सामना न करना पड़े।



रात्रि में सुधार कार्य करते कर्मी।

# नवनिर्वाचित सांसद ज्योत्सना महंत कल बैकुंठपुर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत एवं कोरबा लोक सभा क्षेत्र से दुबारा नव निर्वाचित सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत 18 जून को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर प्रवास पर रहेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने बताया कि उक्त दिवस दोपहर 12 बजे कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन बैकुंठपुर में कांग्रेस पदाधिकारियों ,कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस के विभिन्न पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को उपस्थित होने की अपील जिला कांग्रेस कमेटी ने की है। वहीं इस दिन छग प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर बलौदाबाजार में घटित घटना को लेकर डॉ. चरण दास महंत नेता प्रतिपक्ष छग विधान सभा के नेतृत्व में प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कांग्रेस के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सेवादली, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, पिछड़ा वर्ग आदिवासी प्रकोष्ठ, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं नैसर्गिंक संगठन के पदाकारियों को धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की गई है।



- नेता प्रतिपक्ष भी रहेंगे मौजूद

### सनकी ने युवक का गला रेता, फिर निकाली अतड़ी

**लखनपुर।** शनिवार की सुबह एक सनकी युवक ने अपने ही साथी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने युवक को घुमाने के नाम पर अपने साथ ले जाकर पुलिया पर चाकू से उसका गला रेत दिया। इतने में भी संतुष्टि नहीं मिली तो उसने युवक के पेट पर चाकू से लगातार कई वार किए जिससे उसकी अतड़ियां बाहर आ गई। इस घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। फिलहाल इस घटना में पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है। आरोपी युवक का कहना है कि उसके दिमाग में ख्याल आया तो उसने युवक की हत्या कर दी। बता दें कि नगर पंचायत के वार्ड क्रं. 3 निवासी 30 वर्षीय मुकेश यादव की दोस्ती बाजारपारा निवासी 20 वर्षीय नीरज साहू से थी। नीरज साहू शनिवार की सुबह मुकेश यादव के घर पहुंचा और उसे घुमाने के ले जाने के लिए निकला था। इस दौरान जब दोनों युवक कुंवरपुर नहर मेढ़ पर स्थति पुलिया पर पहुंचे तो आरोपी नीरज ने अपने पास रखे चाकू से अचानक ही अपने साथी मुकेश यादव पर हमला बोल दिया।

# शिक्षकों का ब्लाक स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में खंड स्तरीय बुनियादी गणित एवं साक्षरता कौशल प्राथमिक स्तर के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन बैकुंठपुर जोन क्रमांक 01 खरवत प्रशिक्षण स्थल स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरवत में प्रथम चरण का प्रशिक्षण 10 जून से 13 जून तक चला एवं द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 14 से 17 जून तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर संकुल प्राचार्य बृजनारायण मिश्रा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, विकासखंड़ शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल एवं खंड स्त्रोत समन्वयक नीलेश शुक्ला प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहे और प्रशिक्षण के संदर्भ में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षार्थियों को बताया गया, जिससे सभी प्रशिक्षार्थी लाभान्वित हुए। प्रशिक्षक के रूप में नियुक्त डीआरजी अमर साय भगत सीएसी मनसुख, छत्रपाल राजवाड़े सीएसी मॉडल बैकुंठपुर, खगेश पैकरा सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला कांटहियापारा एवं कंप्यूटर ऑपरेटर मोहम्मद नायर अंसारी सीएसी खरवत उपस्थित रहे। सघन मॉनिटरिंग के लिए विकासखंड़ नोडल विनय कुमार तिवारी गणित के विभिन्न पहलुओं को स्मार्ट टीवी के माध्यम से बताया गया।

डीईओ जितेन्द्र गुप्ता ने सीखने की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों में सीखने की जन्मजात क्षमता होती है। जन्मजात क्षमता के साथ-साथ सीखने के लिए अनुकूल व उत्साहजनक परिवेश का होना भी जरूरी है, ये दोनों घटक बच्चों के अनुभव और समझ को गढ़ते हैं। बीआरसी प्रमुख नीलेश शुक्ला और बीईओ बैकुंठपुर देवेश जायसवाल ने कहा कि भाषा सोचने समझने और सीखने का एक साधन है, बच्चे केवल उस भाषा के माध्यम से ही बेहतर सोच और समझ सकते हैं, जिसे वे अच्छे से जानते हैं। अगर कक्षा में बच्चों की मातृ भाषा का भी प्रयोग किया जाए तो उन्हें इस भाषा के सहारे स्कूली भाषा तक आने के लिए समय और मदद दोनों मिल सकता है।

जिला नोडल उमेश मिश्रा ने कहा कि कक्षा में बच्चों की भाषा में बातचीत और उच्च स्तरीय चिंतन के अवसर देना तथा चित्रों पर चर्चा, कहानी सुनाना, खेल गतिविधि ,हिंदी भाषा में कहानी पढ़कर सुनाना और समझ आधारित चर्चाएं करना आवश्यक है। राज्य कोर ग्रुप के नोडल अधिकारी आशीष पाण्डेय ने कहा कि ⏭ शेष पेज 4 पर



कटगोड़ी में हटाया गया अतिक्रमण।

## एकाएक बढ़े सब्जियों के दाम, आवक भी हो रहा कम

# प्याज और टमाटर के दाम हो गए दोगुने, हरी सब्जियां भी हुई महंगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

बरसात शुरू होने के पहले ही सब्जियों में आग लगनी शुरू हो गई है। स्थानीय सब्जी बाजार में बीते कुछ दिनों की अपेक्षा वर्तमान में विभिन्न प्रकार के सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी हो गई है।

सबसे ज्यादा आलू, प्याज और टमाटर के दाम बढ़े हैं। हर घर में प्रत्येक सब्जी में उपयोग किए जाने वाला सब्जियों का राजा आलू 30 रूपए पहुंच गया है, जबकि एक सप्ताह पहले आलू की कीमत स्थानीय बाजार में 20 रूपए की दर से विक्रय किया जा रहा था, लेकिन वर्तमान में 10 रूपए की बढ़ोत्तरी कर दी गई। वहीं सब्जी मंडी क्षेत्र के अलावा शहर के अन्य क्षेत्र में सब्जी की दुकान लगाने वाले व्यापारियों के द्वारा आलू 40 रूपए किलो की दर से विक्रय की जा रही है। इसी तरह प्याज का भाव भी एक सप्ताह पहले के मुकाबले वर्तमान में दुगुना हो गया। कुछ दिनों पूर्व प्याज 20 रूपए प्रति किलों के भाव से विक्रय किया जा रहा था। वर्तमान में प्याज का भाव 40 रूपए और टमाटर का दाम 50 रुपए प्रति किलों हो गया। इस तरह सब्जी बाजार में अधिकतर सब्जियां 40 रूपए या इससे अधिक दामों में विक्रय की जा रही है। जानकारी के अनुसार स्थानीय ⏭ शेष पेज 4 पर



### बारिश में बढ़ते है सब्जियों के दाम

अभी बारिश शुरू नहीं हुई हैं, लेकिन सब्जियों के दामों में बढ़ोत्तरी होने लगी है। वहीं बारिश के दिनों में सब्जियों की आवक कम होने के कारण विभिन्न तरह के सब्जियों के दाम आसमान छूने लगते हैं। बरसात के सीजन में कई तरह की सब्जियां भी नहीं मिलती है, जिसके चलते सब्जियों के दाम उच्च स्तर पर होती है।

### आवक कम होने से बढ़ रहे दाम

जानकारी के अनुसार अब स्थानीय स्तर से विभिन्न तरह की सब्जियों की आवक कम होने लगी है, जिसके कारण मांग की पूर्ति के लिए विभिन्न तरह की सब्जियों को बाहर से मंगाना पड़ रहा है, इसके कारण सब्जियों के दाम बढ़ रहे हैं। जब बरसात शुरू होगी तब स्थानीय स्तर से हरी सब्जियां निकलना बंद हो जाती है, तब लगभग हरी सब्जियों की आवक बाहर से होती है, इसके कारण सब्जियों के दाम आसमान पर चढ़ जाते हैं।

### बारिश से विद्युत व्यवस्था 24 घंटे से प्रभावित

**बलरामपुर।** शुक्रवार को मौसम में हुए बदलाव के बाद आंधी तूफान के साथ जमकर हुई बारिश के बाद क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था ठप हो गई है। जगह जगह पेड़ गिरने व 22 पोल टूटने से कई इलाकों में अंधेरा हो गया। हैरानी की बात तो यह है कि 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बाद भी क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई है। बता दें कि शुक्रवार की सुबह तेज धूप व तीखी गर्मी के बाद शाम को मौसम में बदलाव होने के साथ तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश हुई। तेज रफ्तार से चली हवाओं के कारण जगह जगह पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आई है और पेड़ गिरने से विद्युत सप्लाई प्रभावित हो गई है। जिला मुख्यालय में किसी तरह विद्युत सप्लाई को बहार कर दिया गया है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी अंधेरा पसरा हुआ है। विद्युत सप्लाई बाधित होने के बाद जवाहर नवोदय स्कूल की परेशानी बढ़ गई है। शुक्रवार की शाम 5 बजे विद्युत आपूर्ति बाधित होने के बाद से अब तक लाइट गोल है।

16- JUN-Jash-CORIYA-RAG-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/16/2024 7:45 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ड्वेन जॉनसन और डैनी गार्सिया की सेवन बक्स ने की वॉल्ट डिज्नी से डील

'द रॉक' के नाम से पहचाने जाने वाले अभिनेता और रेस्लर ड्वेन जॉनसन और फिल्म निर्माता डैनी गार्सिया की कंपनी सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने वॉल्ट डिज्नी के साथ एक नया सौदा कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सेवन बक्स प्रोडक्शंस ने थिएटर रिलीज और स्ट्रीमिंग के लिए फिल्में विकसित करने के लिए डिज्नी के साथ डील की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह सौदा कई सालों के लिए किया गया है और कई जानकारियों का सामने आना बाकी है। इस सौदे के जरिए सेवन बक्स प्रोडक्शंस को डिज्नी की सभी डिवीजनों में सहयोग करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, इससे ड्वेन जॉनसन को भी फिल्मों में अभिनय करने का मौका मिलेगा। यह पहला मौका नहीं है, जब ड्वेन जॉनसन और डिज्नी साथ में काम करने वाले हैं। इससे पहले दोनों साल 2021 में जंगल क्रूज में साथ मिलकर काम कर चुके हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी काम किया था। इसके अलावा ड्वेन डिज्नी+ के लिए 'बिहाइंड द अट्रैक्शन' के दो सीजन में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने 'मोआना 2' में माउई के किरदार को भी अपनी आवाज दी हैं। यह फिल्म 27 नवंबर, 2024 को रिलीज होगी।



'मोआना 2' के ट्रेलर ने डिज्नी एनीमेशन के पिछले रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है। मात्र 24 घंटों में इसे 178 मिलियन (17.8 करोड़) बार देखा जा चुका है। फिल्म का पहला भाग साल 2016 में रिलीज हुआ था। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने वर्ल्डवाइड $687 मिलियन (भारतीय मुद्र में 57 अरब) से अधिक की कमाई की थी।

### टॉलीवुड

## समय से पहले पर्दे पर दस्तक देने जा रही जूनियर एनटीआर की 'देवरा'

जूनियर एनटीआर अभिनीत 'देवरा' साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। प्रशंसक इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच निर्माताओं ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दिया है। 'देवरा' समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। फिल्म पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होने वाली थी।



गुरुवार को 'देवरा' फिल्म के निर्माताओं ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट कर बताया कि फिल्म समय से पहले सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। 'देवरा' 27 सितंबर को रिलीज हो रही है। निर्माताओं ने इसे पहले 10 अक्तूबर, 2024 को रिलीज करने की योजना बनाई थी। 'देवरा' तटीय भूमि के विरुद्ध स्थापित है और कोराताला शिवा द्वारा संचालित है। इसमें जान्हवी कपूर भी हैं और यह साउथ में उनकी पहली फिल्म है।

'देवरा' जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर का पहला सहयोग भी है। फिल्म में सैफ अली खान भी अहम भूमिका निभाएंगे। इसमें राम्या कृष्णा भी होंगी। इसके अलावा, कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अभिनेत्री चैत्रा राय स्टारकास्ट में शामिल होंगी। हालांकि, अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। 'आरआरआर' की तरह, इस तेलुगु फिल्म में कथित तौर पर हाई-ऑक्टेन एक्शन सीक्वेंस होंगे जो दर्शकों के होश उड़ा देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'देवरा' को भारी भरकम बजट में बनाया जा रहा है। कथित तौर पर निर्माता इसके वीएफएक्स पर 140 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। कथित तौर पर, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। इसी साल जनवरी के महीने में जूनियर एनटीआर ने फिल्म का पहला पोस्टर शेयर किया था जिसमें वह समुद्र के बीच नाव पर खड़े नजर आए।

### भोजपुरी

## 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' फिल्म के मजेदार ट्रेलर से खुलेंगे सारे भेद

अक्षरा सिंह की भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। उनकी फिल्मों और गानों को लेकर फैंस एक्साइटेड रहते हैं। अब उनकी नई भोजपुरी मूवी 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' का ट्रेलर शुक्रवार 14 जून को रिलीज किया गया। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह और अविनाश रोहरा हैं। डायरेक्टर इश्तियाक शेख बंटी हैं। कहानी अरबिंद तिवारी ने लिखी है। कॉन्सेप्ट संदीप सिंह है और संगीत राजन मिश्रा ने दिया है। इस फिल्म में अक्षरा सिंह के अलावा अंशुमन सिंह राजपूत, अमित शुक्ला, अयाज खान, प्रेम दुबे, विद्या सिंह, ज्योति मिश्रा, पल्लवी खोली हैं। अंशुमन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'सबको मेरा प्रणाम, बहुत ही गर्व और ख़ुशी मन से ये बात लिख रहा हूं कि ये फ़िल्म 'ऐसा पति मुझे दे भगवान' की एडिटिंग के वक़्त जब मैंने ये फ़िल्म देखी, तभी मैं समझ गया कि फ़िल्म कमाल बनी है।' अंशुमन ने आगे लिखा, 'आप सब लोगों ने मुझे हमेशा हमेशा प्यार दिया है और मेरे काम को प्रोत्साहन किया पर इस फिल्म को लेकर मुझे आप सब से बहुत उम्मीद है। आप सबको बतलाना है कल देख कर कैसा लगा, इसमें अक्षरा जी ने क्या कमाल का काम किया है। मैंने फिल्म के दौरान बहुत कुछ सीखा भी और आगे सीखता रहूंगा। सो थैंक्स अक्षरा सिंह, अमित शुक्ला जी, आयज भाई सभी लोगों ने कमाल काम किया है। इसके डायरेक्टर बंटी शेख जी है। कमाल के निर्देशक जिन्होंने बहुत मेहनत किया है और हमारे प्रोडूसर फिल्म निर्माता, भाई मेरे अभिनाश रोहरा साहब, है ।



## लाइफ स्टाइल

### सुपर मॉडल बनाने की राह



मुंबई में हाल ही में हुए लैक्मे फैशन वीक में दर्शकों ने बहुचर्चित मॉडल लक्ष्मी राणा को अनामिका खन्ना, ऋतु कुमार और पायल प्रताप के अलावा अन्य के लिए वॉक करते हुए देखा। तब दर्शकों को यह नहीं मालूम था कि उनके साथ चार मॉडल भी थीं, जिन्हें इन लोगों ने प्रशिक्षित किया था। इन्हें फैशन डिज़ाइन काउंसिल ऑफ़ इंडिया के सहयोग से राणा के अपने वाइल्डरबी टैलेंट कैंप द्वारा आयोजित मॉडल हंट के ज़रिए चुना गया था। 1,500 रजिस्ट्रेशन में से पंद्रह मॉडल को चुना गया, उसके बाद दिल्ली में तीन दिवसीय प्रशिक्षण और पोर्टफोलियो शूट के बाद चारों को चुना गया। ऐसे इन्हें सुपर मॉडल बनाने की राह आसान हुई।

## आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे ये नोज पिन डिजाइन

महिलाओं की खूबसूरती सिर्फ अच्छे कपड़े, मेकअप या फिर हेयर स्टाइल से नहीं होती है। बल्कि इसके लिए ज्वेलरी की भी जरूरत होती है। इसलिए अक्सर महिलाएं अपने आउटफिट के साथ मैच करके खरीदती हैं। ऐसे ही होते हैं नोज पिन इनमे आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप ओकेजन के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी कंप्लीट हो जाएगा। साथ ही आप खूबसूरत भी नजर आएंगी।



### फ्लावर वर्क नोज पिन

अगर आप फैंसी डिजाइन की ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप फ्लावर वर्क वाली नोज पिन डिजाइन को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन दिखने में अच्छी लगती है साथ ही पहनने में कंफर्टेबल होती है। ये बिना नोज पियर्सिंग के भी पहनी जाती है। आप चाहे तो इन्हें वेस्टर्न के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं वरना एथनिक आउटफिट के साथ भी ये अच्छी लगती हैं। इस तरीके के नोज पिन डिजाइन आपको मार्केट में मिल जाएंगे। जिन्हें आप 200 से 250 की रेंज में खरीद सकती हैं।

### स्टोन वर्क नोज पिन

स्टोन वर्क नोज पिन का फैशन कभी भी आउट नहीं होता है। इसे आप कभी भी पहन सकती हैं। इस तरीके की नोज पिन न सिर्फ पहनने में स्टाइलिश लगती हैं बल्कि ज्यादा हैवी भी नहीं होती हैं। इस नोज पिन को आसानी से डैली वियर में भी स्टाइल किया जा सकता है। इसमें आप हैवी नग वाले नोज पिन डिजाइन भी खरीद सकती हैं और छोटी नोज पिन भी खरीद सकती हैं। मार्केट में आपको इसमें अलग-अलग कलर के साथ डिजाइन मिल जाएंगे।

### मोर डिजाइन नोज पिन

ट्रेडिशनल लुक के लिए हम अलग-अलग तरह की नोज पिन डिजाइन को ट्राई करते हैं। इस बार मोर डिजाइन वाली नोज पिन को स्टाइल करें। इस तरीके की नोज पिन दिखने में काफी क्लासी लगती है साथ ही पहनने के बाद पूरा लुक चेंज कर देती है। आप भी इस तरीके की नोज पिन को पहन सकती हैं। इनकी खास बात ये होती है कि इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन मिल जाएंगे। आप इन्हें हैवी वर्क में भी खरीद सकती हैं साथ ही लाइट वर्क में भी ये मिल जाएंगी।

## ईद पर पहनना है अनारकली सूट तो इन लुक्स पर डालें एक नजर



फैशन

ईदुल अजहा यानि बकरीद का त्योहार मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए काफी अहम पर्व माना जाता है। भारत में जिलहिज्ज का चांद दिखने के बाद भारत के कई मुस्लिम धर्मगुरुओं ने 17 जून को ईदुल अजहा मनाने की घोषणा कर दी है। इस दिन की तैयारियां कई-कई दिन पहले से शुरू हो जाती हैं।

इस त्योहार में बकरे की कुर्बानी दी जाती है, यही वजह है कि इसे बकरीद भी कहते हैं। लोग ईदुल अजहा के दिन अपने घरों में कई तरह के पकवान बनाते हैं और साथ-साथ में नए कपड़े भी खरीदते हैं।

पुरुष तो इस दिन कुर्ता और पायजामा पहनते हैं, लेकिन महिलाओं के सामने बड़ी समस्या होती है कि वो क्या पहनें। ईद पर पहनने के लिए अनारकली सूट को सही विकल्प माना जाता है। अगर आप इस बकरीद पर अनारकली सूट पहनने का सोच रही हैं, तो इन अभिनेत्रियों के लुक्स पर एक नजर जरूर डालें। ताकि ईद के दिन आप सबसे खूबसूरत दिखें।



**हिना खान:** आप चाहें तो हिना खान के जैसा शॉर्ट अनारकली सूट और इसके साथ चूड़ीदार पायजामी कैरी कर सकती हैं। ये देखने में भी काफी प्यारी लगती है। बस इसे पहनते वक्त ध्यान रखें कि इसकी फिटिंग सही हो। अगर ये ढीला होगा, तो आपका लुक बिगड़ सकता है।

**अदिति राव हैदरी:** शॉर्ट अनारकली कुर्ते के साथ इस तरह की धोती स्टाइल की पायजामी कैरी करनी है तो अदिति राव हैदरी के लुक पर नजर डालें। पर्पल रंग का ये सूट आपको बाकियों से अलग दिखने में मदद करेगा। इस सूट के साथ दुपट्टे को भी अलग अंदाज में कैरी करें।


**माधुरी दीक्षित:** वैसे तो माधुरी दीक्षित का हर लुक ही खूबसूरत होता है, लेकिन अगर आप चाहें तो उनके अनारकली सूट लुक से टिप्स ले सकती हैं। आगे से स्लिट वाले इस सूट लुक काफी अलग और खूबसूरत है। इस पर ज्यादा वर्क भी नहीं है। ऐसे में आप आराम से इसे कैरी कर सकती हैं।

**संजीदा शेख:** चूड़ीदार पायजामी के साथ इस तरह का घेर वाला अनारकली आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करेगा। ऐसे में बकरीद के मौके पर संजीदा शेख के जैसा अनारकली सूट पहनकर जलवा बिखेरें। अगर आपको ये रंग नहीं पसंद है तो आप अपनी पसंद के हिसाब से रंग का चयन कर सकती हैं। कृति सेनन अगर कुछ हैवी वर्क वाला पहनने का सोच रही हैं तो आपके लिए कृति सेनन का ये लुक परफेक्ट है। इस तरह के हैवी अनारकली के साथ आप बालों में जूड़ा बना सकती हैं।

## चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

गर्मी के इस मौसम में तेज धूप से हर कोई काफी परेशान रहता है। लोग कोशिश करते हैं, कि वो धूप में बाहर न निकलें, लेकिन किसी न किसी वजह से उन्हें बाहर जाना ही पड़ता है। जिस प्रकार से तेज धूप से शरीर डिहाइड्रेट हो जाता है, ठीक उसी प्रकार से त्वचा पर तेज धूप पड़ने से टैनिंग की समस्या सामने आने लगती है। इस मौसम में चेहरे के बाद सबसे ज्यादा टैनिंग हाथों पर होती है।

**दही और हल्दी :** दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।



**एलोवेरा :** इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है। इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहने हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।


**दही और टमाटर:** टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।

**कच्चा दूध:** शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

## ब्लाउज को आकर्षक लुक देने के लिए शोल्डर पर बनवाए जा सकते हैं खास डिजाइंस

अपने लुक को खास बनाने के लिए हम क्या-कुछ नहीं करते हैं और इसके लिए आपको ऑनलाइन भी कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगी। वहीं साड़ी का चलन हमेशा फैशन ट्रेंड में रहता है और साड़ी को आकर्षक लुक देने के लिए ब्लाउज का डिजाइन चुनना बेहद जरूरी होता है। हालांकि ब्लाउज के आपको कई तरीके के डिजाइन और पैटर्न मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप अपने लुक को स्टेटमेंट देना चाहती हैं तो शोल्डर पर भी अपनी पसंद का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज के शोल्डर के लिए कुछ आकर्षक और लेटेस्ट डिजाइंस, जिन्हें आप आसानी से स्टाइल कर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

**शोल्डर फ्रिल डिजाइन ब्लाउज :** आजकल फ्रिल का चलन फैशन ट्रेंड में काफी नजर आ रहा है। वहीं इसके कई डिजाइन भी आपको आसानी से देखने को मिल जाएंगे। बता दें कि आप एक से ज्यादा लेयर की मदद लेकर भी हैवी लुक वाला फ्रिल डिजाइन अपने कंधे पर बनवा सकती हैं। **पतली बाजू के लिए:** अगर आपकी बाजू पतली है और आप इन्हें आकर्षक और बल्की लुक देना चाहती हैं तो इस तरह का डिजाइन आप स्लीव्स और शोल्डर के लिए चुन सकती हैं। इसमें आपको बैलून से लेकर और भी कई डिजाइन आसानी से देखने को मिल जाएंगे। **चैन स्टाइल ब्लाउज शोल्डर डिजाइन :** अगर आपका ब्लाउज स्लीवलेस है या आप किसी पुराने ब्लाउज को ही कस्टमाइज करने का सोच रही हैं तो शोल्डर को स्टेटमेंट लुक देने के लिए इस तरह से मल्टी-लेयर चैन लगा सकती हैं। इसमें आपको बीड्स से लेकर पर्ल्स में कई डिजाइन आसानी से मिल जाएंगे।



**कट वर्क डिजाइन ब्लाउज :** इस तरह का डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। वहीं अगर आप सेमी फुल स्लीव्स पहनना पसंद करती हैं ।

### कार्नर न्यूज

## स्टाइलिश दिखने की चाह में हेयर स्टाइल पर ध्यान देना जरूरी

# सबसे अलग हट कर दिखना है तो इन तरीकों से बदलें अपनी हेयर स्टाइल

हर इंसान का सपना होता है कि वो कूल ड्यूड दिखे। जब भी वो गलियों में निकले लोग आपकी स्टाइल के बारे में डिस्कस करें। किसे अच्छा नहीं लगता है कि, अचानक भरी मीटिंग में आपकी ओर गौर से देखते हुए बॉस कहें कि, नाइस लुकिंग! ये सब सपने जैसा लगता जरूर है लेकिन क्या वाकई कोई ऐसा तरीका नहीं है जिससे ये सब अचीव किया जा सके। ये इतना भी ज्यादा नहीं है कि इसकी उम्मीद लाइफ में न की जा सके।




रियल लाइफ में कई बार वाकई लोगों के पास इतना समय नहीं होता है कि हेयर स्टाइल जैसी चीजों को मेंटेन रखने के लिए एक्स्ट्रा टाइम निकाल सकें। खासतौर पर जब आप दिमाग को खपा देने वाली कॉरपोरेट जॉब में हों। इसलिए, आपको ऐसे कुछ तरीके के बारे में जानकारी देंगे जिनकी मदद से आप आसानी से हेयर स्टाइल को चेंज कर सकते हैं। इससे न सिर्फ नया लुक मिलता है बल्कि आत्मविश्वास को भी बूस्ट करने में मदद मिलती है।

**हेयर स्टाइल बदलना क्यों जरूरी है? :** बालों में ये ताकत होती है कि, ये आपके लुक को बनाने या इमेज को ब्रेक करने की क्षमता रखते हैं। कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपका पहनावा कितना फैंसी और फैशनेबल है, आप तब तक स्टाइलिश और कंप्लीट नहीं दिखेंगे जब तक कि आपके बाल स्टाइलिश न हो जाएं।


**हेयर स्टाइल को कैसे चेंज करें? :** हेयर स्टाइल को पूरी तरह से चेंज करना इतना भी कठिन नहीं है। जरूरत है तो सिर्फ थोड़ी सी चीजों को चेंज करने की।

**बालों में फ्रिंज बनवाएं:** 90 के दशक में पुरुषों के बीच फ्रिंज हेयर स्टाइल काफी लोकप्रिय हुआ करती थी। बाद में इस ट्रेंड की जगह पोम्पाडोर और क्विफ जैसी हेयर स्टाइल ने ले ली। लेकिन ऐसा नहीं है कि, फ्रिंज हेयर स्टाइल का जलवा खत्म हुआ और इसके दिन चुक गए हों। ये हेयर स्टाइल आज भी उतना ही जवान है, जितना पहले किसी और दौर में था। आज भी युवा पूरे शौक के साथ इस हेयर स्टाइल को अपना रहे हैं। लेकिन आज इस हेयर स्टाइल के पहले से कहीं ज्यादा वेरिएशन भी मौजूद हैं।



16- JUN-Jash-CORIYA-RAG-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 6/16/2024 7:42 PM Page 1





# नई फिल्म के लिए रणवीर को बढ़ाना पड़ रहा है 15 किलो वजन

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपने आगामी प्रोजेक्ट को लेकर तैयारी में जुटे हैं और अभिनेता अपने शारीरिक बदलाव पर काम कर रहे हैं। इस बात का दावा लेखिका शोभा डे ने अपने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में किया है। उन्होंने रणवीर के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट के लिए वजन बढ़ा रहे हैं। लेखिका शोभा डे ने रणवीर सिंह से एक कैफे में मिलने के बाद कुछ तस्वीरें साझा की।तस्वीरें साझा करते हुए शोभा ने लिखा, 'अलीबाग के हमारे पसंदीदा कैफे में चौंकाने वाली मुलाकात, सेल्फी किंग रणवीर पिता बनने से पहले बहुत जरूरी समय बिता रहे हैं। उन्हें अपने नए प्रोजेक्ट के लिए 15 किलो वजन बढ़ाने की जरूरत है। हमेशा की तरह आकर्षक, सहज और हमेशा विनम्र।

लाइफ Style



# स्वरा

## 'कम से कम जीवित तो हैं...'

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रणौत को हाल ही में चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ ने थप्पड़ मार दिया था, जिसके बाद कंगना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी सामने आया इस मामले में लोग अपनी - अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।

हाल ही में स्वरा भास्कर ने भी इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हिंसा का सहारा लेना अक्षम्य है और ऐसा नहीं होना चाहिए। साथ ही कहा कि चलो कंगना को थप्पड़ ही पड़ा है, वो जिंदा तो हैं। अपने बेबाक बयानों के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने कहा, 'कोई भी समझदार व्यक्ति यही कहेगा कि कंगना के साथ जो कुछ भी हुआ वह गलत था। कोई भी ऐसा नहीं है जो कंगना के साथ हुई हिंसा या मारपीट को सही ठहराएगा।' अभिनेत्री ने कहा, 'हां, कंगना के साथ जो हुआ वह गलत था और ऐसा नहीं होना चाहिए था। किसी पर भी हमला करना सही नहीं है। लोग कंगना के दक्षिणपंथी समर्थकों से यही कह रहे थे कि उन्हें इस बारे में नहीं बोलना चाहिए, क्योंकि वह वही लोग हैं, जो लिंचिंग को सही ठहराती हैं।' स्वरा ने आगे कहा, 'कंगना को सिर्फ थप्पड़ पड़ा है और ऐसा भी नहीं होना चाहिए था। मगर कम से कम वह जिंदा हैं। उनकी सुरक्षा उसके आसपास है। इस देश में लोगों की जान गई है, उन्हें पीट-पीट कर मार डाला गया है, ट्रेन में सुरक्षाकर्मियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है, दंगों में सुरक्षाकर्मियों को लोगों की पिटाई करते हुए रिकॉर्ड किया गया है।'

## हॉलीवुड मसाला



# डेडपूल एंड... कमाई को तैयार

**लॉस एंजिलिस।** रिपोर्ट्स के मुताबिक डिज्नी/ मार्वल स्टूडियोज की फिल्म डेडपूल एंड वूल्वरिन पहले सप्ताहांत में 20 करोड़ डॉलर से 23.9 करोड़ डॉलर तक के बीच कमाई कर सकती है। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की कमाई का यह अनुमान द कोरम ने लगाया है जो छह सप्ताह पहले से ही फिल्म की ट्रैकिंग शुरू कर देता है। द कोरम के यह आंकड़े वाकई हैरान कर देने वाले हैं, क्योंकि कोई भी आर-रेटेड फिल्म ने अब तक पहले वीकएंड में 20 करोड़ डॉलर की कमाई नहीं की है।



# 'ब्लू बीटल' की कहानी का अब ओटीटी विस्तार

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'ब्लू बीटल' के दीवानों के लिए बड़ी खबर आ रही है। सूत्रों की मानें तो वार्नर ब्रदर्स एनीमेशन और डीसी स्टूडियो इस फिल्म को एक कॉमिक चरित्र पर आधारित एक एनिमेटेड सीरीज के रूप में इसे विकसित करने जा रहे हैं। एंजेल मैनुअल सोटो के निर्देशन में बनने जा रहे इस शो को गैरेथ डननेट अल्कोसर लिखने वाले हैं। आइए आपको बताते है इस एनिमेटेड सीरीज में क्या खास होने वाला है। फिल्म 'ब्लू बीटल' डीसी कॉमिक बुक पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म को दर्शको ने काफी प्यार दिया था। इस फिल्म की कहानी जैमी रेयेस के इर्द -गिर्द घूमती है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो तो सीरीज की कहानी फिल्म की कहानी से अलग होने वाली है।



# डिप्रेशन की समस्या से गुजर चुकी हैं...

**मुंबई।** ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पश्मीना रोशन अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम 'इश्क विश्क रिबाउंड' है। इन दिनों वह फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य और अपनी पहली फिल्म को लेकर खुलकर बात की। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान पश्मीना रोशन ने खुलासा किया कि वह कुछ वर्ष पहले डिप्रेशन की समस्या से जूझ रही थीं। वह इस बात को लेकर भ्रमित थीं कि वह अच्छी अभिनेत्री बन सकती हैं या नहीं। डिप्रेशन के दौरान वह केवल दोपहर में सोती थीं। पश्मीना ने साझा किया कि वह स्कूल में थिएटर ग्रुप का हिस्सा थीं, लेकिन उस समय उन्हें यह नहीं पता था कि आगे उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाना है।



# फैंस ने पूछा- क्या है राजकुमारी का नाम

**नई दिल्ली।** वरुण धवन इस समय अपनी जिंदगी के सबसे बेहतरीन दौर से गुजर रहे हैं। कुछ हफ्ते पहले ही उन्होंने अपनी बेटी का स्वागत किया है और ऐसा लग रहा है कि अभिनेता अपना ज्यादातर समय अपनी नन्ही राजकुमारी के साथ बिता रहे हैं। इसके बाद से एक्टर सोशल मीडिया पर थोड़ा कम एक्टिव हो गए हैं। फैंस बेबी धवन को देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जब एक्टर ने कुछ तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस नए पापा की तारीफ करने लगे और उनकी बच्ची की तस्वीरें मांगने लगे। एक फैंस ने वरुण से पूछा, राजकुमारी का नाम क्या रखा है? एक फैन ने लिखा, 'वरुण, हमें अपनी राजकुमारी की पहली तस्वीर कब मिलेगी?' दूसरे प्रशंसक ने पूछा, 'बच्ची कैसी है'। एक अन्य प्रशंसक ने यह भी पूछा, 'क्या जॉय अपनी छोटी बहन से मिला?"

## टीवी मसाला



# 'बालिका वधू शो से पता चला पीरियड्स के बारे में'

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की 'बालिका वधू'अविका गौर ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर लिया है। अभिनेत्री ने कृष्णा भट्ट की फिल्म '1920 हॉरर्स ऑफ द हार्ट' से बतौर लीड एक्ट्रेस हिंदी सिनेमा में अपने करियर की शुरुआत की है। अभिनेत्री टीवी के शो 'बालिका वधू' से मशहूर हुईं। यह शो बाल विवाह की अवधारणा पर आधारित था और बेहद सफल रहा। बालिका वधू ने कई सामाजिक मानदंडों पर भी प्रकाश डाला और दर्शकों के बीच जागरूकता फैलाने में मदद की। हाल ही में, एक साक्षात्कार में, अविका ने अपने शो की शूटिंग के दौरान मासिक धर्म के बारे में जानने के बारे में बताया। शो में अपने कार्यकाल के दौरान 12 साल की उम्र में अभिनेत्री ने ऐसे एपिसोड की शूटिंग की, जिसमें उनकी आनंदी पहली बार मासिक धर्म शुरू करती है और अपने माता-पिता के बजाय अपने ससुराल वालों के साथ रहती है। अविका के लिए इस सीन को शूट करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अभिनेत्री इसका श्रेय अपनी मां को दिया। उन एपिसोड की शूटिंग के दौरान पर्दे के पीछे क्या हुआ, इसका खुलासा करते हुए, अविका ने बताया कि उनके निर्देशक ने उनसे पूछा कि क्या उन्हें पता है कि पीरियड्स क्या होते हैं।

# रामायण का वो सीन, जिसको शूट करना नहीं था आसान...

**नई दिल्ली।** रामानंद सागर की रामायण पहली बार दूरदर्शन पर 1987 में प्रसारित हुई थी। उस दौर में इसे दर्शकों के बीच खूब प्यार मिला था। 2020 में रामायण फिर टीवी पर आई और इस शो की टीआरपी ने बड़ा इतिहास रचते हुए दर्शकों के मामले में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। रामायण में 'लक्ष्मण' का रोल निभाने वाले सुनील लहरी ने रामायण से जुड़े कई किस्सों के बारे में मजेदार बातें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। उन्होंने एक ऐसे किस्से का जिक्र किया है, जिसके शूट के दौरान रामायण की पूरी कास्ट के साथ रामानंद सागर भी खूब रोए थे। ये किस्सा तब का है, जब राम के वनवास जाने के बाद राजा दशरथ का निधन हो गया था। उन्होंने बताया था कि इस एपिसोड को शूट करते हुए सभी लोग भावुक होकर रोने लगे थे।



# बनना था हीरोइन, बन गई विलेन

## राजेश की फिल्म से रातों-रात बनी स्टार

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, राजेश खन्ना, अनुपम खेर और जितेंद्र जैसे स्टार के साथ काम कर चुकीं वो एक्ट्रेस जिनके पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। लेकिन वह मां को देखते हुए एक्ट्रेस बन गईं। आई तो फिल्मों में हीरोइन बनने थी, लेकिन इंडस्ट्री ने उन्हें विलेन बना दिया। 90 के दशक में तो वह हर फिल्म में नेगेटिव सास के रोल में नजर आने लगी थीं। राजेश खन्ना और आशा पारेख की फिल्म से पहचान बनाने वाली वो एक्ट्रेस अपने दौर में अपने नेगेटिव रोल के साथ-साथ अपने जबरदस्त डांस के लिए भी पहचानी जाती थीं। फिल्मों में विलेन के किरदार निभाकर खूब वाहवाही लूटी थी। साल 1962 से एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली इस एक्ट्रेस के साथ करियर की शुरुआत में बहुत भेदभाव किया गया था। ये खुलासा सालों बाद खुद दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था। इंडस्ट्री की वो टैलेंटेड एक्ट्रेस बिंदू हैं। अपने करियर में उन्होंने सिनेमा की दुनिया के जाने माने विलेन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर फिल्मों में कड़ी टक्कर दी है। लेकिन, पर्सनल लाइफ में उन्हें मां बनने का सुख कभी नसीब नहीं हो सका। बिंदू को बाली उम्र में ही अपने पड़ोसी चंपक लाल जावेरी से प्यार हो गया था। दोनों ही एक-दूसरे पर दिल हार बैठे थे। बिंदू ने 18 साल की उम्र में ही उनसे शादी रचा ली थी। दोनों में 5 साल का अंतर था। अपने एक इंटरव्यू एक्ट्रेस ने बताया था कि दोनों के फैमिली शादी के लिए तैयार नहीं थी। बिंदू इंडस्ट्री में हीरोइन बनने का सपना लेकर आई थी।



# जब बॉक्स ऑफिस पर भिड़े थे आमिर-सनी रेस में आगे निकली थी गदरः एक प्रेम कथा

**मुंबई।** वर्ष 2001 था और जून के महीने में सिनेमा के शौकीनों को दो फिल्मों को तोहफा मिला था। आमिर खान 'लगान' लेकर आए थे तो सनी देओल 'गदर'। 15 जून को दोनों फिल्में एक साथ रिलीज हुई थीं। दोनों पर दर्शकों का प्यार बरसा था। दोनों फिल्मों की कहानी, स्टारकास्ट और गाने सबकुछ अपने आप में खास थे। लेकिन आमिर और सनी देओल के बीच बॉक्स ऑफिस महामुकाबले में किंग कौन बना था?

### गदर देखने उमड़ी थी भीड़



अनिल शर्मा निर्देशित फिल्म 'गदर' में सनी देओल के साथ अमीषा पटेल मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। तारा सिंह और सकीना की लव स्टोरी के साथ-साथ इसमें हिंदुस्तान के विभाजन की त्रासदी को दिखाया गया। फिल्म के गाने सुपरहिट हुए। डायलॉग तो ऐसे चले कि आज तक बोले जाते हैं। फिल्म में सनी देओल का हैंडपंप उखाड़ने वाला सीन आइकॉनिक बन गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक गदर एक प्रेमकथा का पहला शो सुबह छह बजे से शुरू किया गया था। सनी देओल के फैंस की भीड़ सिनेमाघरों में उमड़ पड़ी थी। उस वक्त वीसीआर का दौर था।

### टैक्स फ्री कर दी गई थी लगान



आमिर खान की लगान का निर्देशन आशुतोष गोवारिकर ने किया था। फिल्म का निर्माण खुद आमिर खान और रीना दत्ता ने किया। 'लगान' फिल्म के साथ आमिर ने बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की थी। लगान फिल्म को भारत में टैक्स फ्री कर दिया गया। ये फिल्म भारत की तरफ से ऑस्कर में फोरेन लैंग्वेज की कैटेगरी में शॉर्टलिस्ट हुई थी। हालांकि फिल्म को अवॉर्ड नहीं मिल पाया था। इस फिल्म में आमिर खान के साथ ग्रेसी सिंह नजर आई थीं।

### बॉक्स ऑफिस पर कैसा रहा प्रदर्शन?

रिपोर्ट्स के मुताबिक गदरः एक प्रेम कथा का बजट करीब 18 करोड़ रुपए था। गदर फिल्म का इंडिया नेट कलेक्शन करीब 76.65 करोड़ रुपए रहा। वहीं, वर्ल्डवाइड कारोबार 132.60 करोड़ था। आमिर की लगान का बजट गदर से ज्यादा था। रिपोर्ट्स के मुताबिक लगान को करीब 25 करोड़ रुपए में बनाया गया था। कमाई की बात करें तो इसका इंडिया नेट कलेक्शन 34.35 करोड़ रुपए रहा था। वहीं, वर्ल्डवाइड इसने 58.05 करोड़ रुपए कमाए। यानि रेस में सनी देओल की फिल्म आगे रही थी।

## इरफान को क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टैलर' में काम करने का मौका मिला था

# हॉलीवुड फिल्मों का ऑफर ठुकरा चुके हैं ये कलाकार, दो ने जीता था ऑस्कर

**नई दिल्ली।** किसी एक इंडस्ट्री के फिल्म कलाकारों के लिए दूसरी इंडस्ट्री में काम करना एकदम नया अनुभव होता है। लगभग सभी की इच्छा भी होती है कि वो अपनी इंडस्ट्री से बाहर भी काम करें। कई बार तो मौका मिलते ही बात भी बन जाती है, लेकिन कई बार किसी न किसी वजह से काम हाथ से निकल जाता है या फिर खुद ही अपने हाथ पीछे खींचने पड़ते हैं। शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, इरफान खान और ऋतिक रोशन ऐसे कलाकार हैं, जिन्हें एक बार हॉलीवुड से आए ऑफर को ठुकरा दिया था।

*बॉलीवुड के कई कलाकार हॉलीवुड की फिल्मों में काम कर चुके हैं। इस सूची में प्रियंका चोपड़ा, ऐश्वर्या राय, अमिताभ बच्चन, नसीरुद्दीन शाह, अनिल कपूर, दीपिका पादुकोण और अनुपम खेर समेत कई सितारों के नाम शामिल हैं।*




***शाहरुख खान :*** साल 2008 में रिलीज हुई फिल्म 'स्लमडॉग मिलेनियर' ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। इस फिल्म ने आठ ऑस्कर अवॉर्ड जीते थे। फिल्म में देव पटेल और फ्रीडा पिंटो ने मुख्य भूमिका निभाई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शाहरुख खान को इस फिल्म में काम करने का ऑफर मिला था। उन्हें फिल्म में 'कौन बनेगा करोड़पति' शो के होस्ट प्रेम कुमार का रोल मिला था, जिसे करने से उन्होंने मना कर दिया था। बाद में इस किरदार को अनिल कपूर ने निभाया था।



***इरफान खान :*** हॉलीवुड फिल्म 'लाइफ ऑफ पाई', 'अमेजिंग स्पाइडरमैन' और 'इंफर्नो' में काम करने वाले इरफान खान ने भी एक बार एक हॉलीवुड फिल्म में काम करने से मना कर दिया था। उन्हें क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म 'इंटरस्टैलर' में काम करने का मौका मिला था। उन्हें मैट डमोन द्वारा निभाए गए किरदार के लिए अप्रोच किया गया था। यह फिल्म साल 2014 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बेस्ट विजुअल इफैक्ट्स का ऑस्कर अवॉर्ड जीता था।



***ऋतिक रोशन :*** इस साल की शुरूआत में 'फाइटर' फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर महफिल लूटने वाले ऋतिक रोशन भी हॉलीवुड की एक फिल्म में काम करने से इनकार कर चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें 'पिंक पैंथर 2' में काम करने का ऑफर मिला था, लेकिन अपनी व्यस्तता के चलते वो इस फिल्म में काम नहीं कर पाए थे।



***दीपिका पादुकोण :*** दीपिका पादुकोण को भी हॉलीवुड की फ्रेंचाइजी फिल्म 'फास्ट एंड फ्यूरियस' के सातवें भाग में काम करने का ऑफर मिला था, लेकिन दीपिका इसमें काम नहीं काम कर पाई थीं। इसके पीछे की वजह यह थी कि उन दिनों दीपिका 'गोलियों की रासलीला रामलीला' और 'हैप्पी न्यू ईयर' में व्यस्त थीं। बता दें कि दीपिका ने विन डीजल की फिल्म 'एक्सएक्सएक्सः द रिटर्न ऑफ जेंडर' से अपना हॉलीवुड डेब्यू किया था।

16- JUN- CORIYA -BHOOMI-PG-4_Layout 1 6/16/2024 9:21 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विश्व योग दिवस पर होगा आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** 21 जून अंतरराष्टीय योग दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्माकुमारीज मनेन्द्रगढ़ के द्वारा रविवार को प्रातः 6.30 से 8.30 स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर कार्यक्रम का आयोजन सुरभी पार्क में किया गया। प्रकृति के सानिध्य में संस्था के सभी सदस्यों ने योग अभ्यास किया। पतंजलि योगपीठ से सतीश उपाध्याय, ठाकुर प्रसाद केसरी, विवेक तिवारी ने योग अभ्यास कराया, उनके साथ ग्रीनवेली, बीटीएसएस से इंजीनियर बसंत जायसवाल भी उपस्थित रहे। राजयोगध्यान का अभ्यास सेवा केन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी माधुरी ने कराया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण भी किया गया।

### निबंध-चित्रकला स्पर्धा में दिखी प्रतिभा



**मनेन्द्रगढ़।** 16 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर नगर परिषद डूमरकछार द्वारा निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के छात्र-छात्राओं, बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बच्चों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बच्चों ने निबंध एवं चित्रों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। प्रतिभागी बच्चों में शिवम चौहान, रियांशी,अन्नपूर्णा चौहान, अनिकेत कुशवाहा,तमन्ना महरा, साक्षी रवि, सांची केवट, स्वयं गुप्ता, अंकिता, शिवांगी गुप्ता, रूची गुप्ता, रचना गुप्ता, प्रिया गुप्ता,नमन गुप्ता,नीलाक्ष चौहान,आदित्य कुमार, दीपक, कार्तिक झारिया, रानी विश्वकर्मा,अनुराग जैन,अंकित यादव, श्रद्धा मौर्या, शिव शर्मा, समी शर्मा सहित नगर के अन्य बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल हुए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों को उत्साहवर्धन के लिए परिषद के द्वारा पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र भी प्रदाय किया गया।

### रविदास समाज ने उपाध्यक्ष का जताया आभार




**बैकुण्ठपुर।** रविदास समाज भवन में सामाजिक बैठक व अन्य कार्यों के लिए अपने निधि से जनपद पंचायत बैकुंठपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती आशा महेश साहू ने फर्नीचर व आवश्यक सामग्री प्रदान की समाज के पदाधिकारी व सामजिक लोगों द्वारा सामाजिक भवन में कार्यक्रम आयोजित कर आशा महेश साहू का स्वागत अभिनंदन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रीमती साहू ने कहा कि मैं हमेशा सभी समाज के विकास के लिए हर पल तत्पर हूं। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष केएल टान्देकर, विजय मेहरा संभागीय अध्यक्ष ,अशोक लाल कुर्रे जिलाध्यक्ष डीएल भास्कर, राजमन रवि, संजय कुर्रे, विमल सोनवानी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन की अपील: आसपास कोई विक्षिप्त दिखे तो दें जानकारी

# शहर में घूम रहे मानसिक रोगी भेजे गए सेंदरी हास्पिटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय के समीप बेवजह घूम रहे मासिक रोगियों को रेस्क्यू कर बिलासपुर सेंदरी हॉस्पिटल भेज इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग के अमले द्वारा बैकुंठपुर शहर में यहां वहां घूम रहे विक्षिप्त मनो रोगियों को रेस्क्यू करके बिलासपुर सेंदरी हॉस्पिटल भेजा गया है, इससे न केवल विक्षिप्त मनोरोगियों को बेहतर इलाज मिलेगा साथ ही समाज में स्थानीय लोगों को इनकी उपस्थिति से होने वाली समस्या से भी निजात मिलेगी। जिला प्रशासन आमजनों से अपील किया है कि आपके घर के आस-पास अगर कोई इस प्रकार से विक्षिप्त व्यक्ति या महिला दिखाई दे तो तुरंत समाज कल्याण ऑफिस बैकुंठपुर में उसकी जानकारी दे। इस रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद समाज कल्याण के अधिकारी आलोक भवाल ने बताया कि हमारे द्वारा इस प्रकार के विक्षिप्त लोगों को बेहतर इलाज और सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। विक्षिप्त लोगों को पकड़ने में जिला प्रशासन से पुलिस बल, स्वास्थ विभाग के डॉक्टर एवं स्थानीय लोगों में दीपेश घोष, अभिषेक सिंह, तरूण सिंह, सचिन, हीना आदि लोगों ने सहयोग किया। वहीं इस जानकारी के मिलने के बाद चरचा में असमाजिक तत्व मानसिक रोगी भी घूम रहे हैं, जिन्हें यहां के लोगों द्वारा कलेक्टर से अपील किया है कि इन्हें भी रेस्क्यू कर इलाज के लिए भेजा जाए।



रेस्क्यू किए गए मानसिक रोगी।

### पुलिस संरक्षण में दो मानसिक रोगियों को भेजा सेंदरी

जानकारी के अनुसार कलेक्टर के संज्ञान में आने के बाद खरवत व छिन्दडॉड़ में भीषण गर्मी में घूम रहे दो मानसिक रोगी राजू एवं दीना को खाने-पीने रहने एवं इलाज नहीं होने से काफी अस्वस्थ हैं। कलेक्टर के निर्देश पर थाना बैकुंठपुर में सूचना दिया, तब पुलिस ने दोनों मानसिक रोगियों को पकड़ जिला चिकित्सालय में इलाज कराए जाने के बाद मानसिक चिकित्सालय सेंदरी पुलिस संरक्षण में रविवार को संजीवनी एक्सप्रेस की सहायता से ले जाया गया, जहां उनका बेहतर उपचार हो सकेगा।



आयोजित कवि सम्मेलन।

## श्रमवीर स्टेडियम में कवि सम्मेलन का आयोजन

**चरचा कॉलरी।** श्रमवीर स्टेडियम में शनिवार को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र बैकुंठपुर क्षेत्र के चरचा कॉलरी में एसईसीएल महाप्रबंधक बीएन झा के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कवि सम्मेलन में मंच संचालक चिरमिरी नरेन्द्र मिश्र धड़कन छग, हास्य व्यंग कवि वीरेन्द्र मिश्रा मुंबई, हास्य व्यंग कवि सुनील समैया बीना मध्यप्रदेश, हास्य व्यंग कवि पंडित अशोक नागर इंदौर मध्यप्रदेश, ओजस्वी कवि राजेन्द्र शुक्ल सहज मध्यप्रदेश, श्रृंगार कवयित्री श्रीमती निशा आनंद छग, वीर रस कवि प्रीतम नायक हरियाणा व हास्य व्यंग कवि कामता माखन रीवा मध्यप्रदेश के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र बीएन झा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा द्वारा सभी कवियों का शाल-श्रीफल व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## शिवनंदनपुर मटन मार्केट की बाउंड्रीवॉल पेयजल सुविधा हेतु भेजा गया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

मटन मार्केट को अन्यत्र स्थापित किए जाने हेतु स्थल चयन की प्रक्रिया उपरांत बाउंड्रीवाल व पेयजल सुविधा हेतु प्रस्ताव पंचायत द्वारा जिला पंचायत में भेज दिया गया है। प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत कार्य को जल्द पूर्ण कराए जाने की बात कही जा रही है। ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के साप्ताहिक इतवारी मार्केट में वर्षों से संचालित मटन मार्केट को अन्यत्र संचालित कराए जाने की मांग पर पहल शुरू कर दी गई है। इसके लिए अब मटन मार्केट को नगर के प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे शिफ़्ट कराए जाने की बात कही जा रही है। इसके लिए पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी द्वारा पिछले दिनों मटन व्यवसायियों को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे मटन मार्केट को शिप्ट कराए जाने से पहले ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर द्वारा करीब दस लाख रुपए का एस्टिमेट तैयार करके जिला पंचायत सूरजपुर भेजा गया है। जिला पंचायत से एस्टिमेट के आधार पर राशि स्वीकृत होने उपरांत प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे बाउंड्रीवॉल कराते हुए पेयजल सुविधा उपलब्ध कराए जाने की पहल की जाएगी। ज्ञात हो कि मटन मार्केट को लेकर स्थानीय लोगों द्वारा संडे मार्केट में गंदगी व दुर्गंध की शिकायत की गई थी, जिस पर पहल करते हुए अब मटन मार्केट को अन्यत्र शिफ़्ट करते हुए संचालन कराए जाने की पहल की जा रही है। दूसरी तरफ़ मटन व्यवसायियों द्वारा इस पर अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई जा चुकी है। मटन मार्केट को अन्यत्र शिफ़्ट कराए जाने हेतु पिछले दिनों अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की संयुक्त टीम द्वारा स्थल चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है। पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी ने बताया कि जिला पंचायत से एस्टिमेट के आधार पर राशि स्वीकृत होने उपरांत जल्द ही कार्य को पूर्ण कराकर मटन मार्केट को प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे शिफ़्ट कराए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

■ इतवारी बाजार में वर्षों से संचालित है मटन मार्केट



## जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में प्रणव व प्राची ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में जिले के 50 बच्चों ने तीन वर्गों में आयोजित हुई प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

विभिन्न वर्गों के लिए आयोजित हुई स्पर्धा में अंडर-13 बालक वर्ग में अभिनव निगम विजेता व अर्णव निगम उप विजेता रहे। डबल्स में अभिनव निगम व हर्षित कुशवाहा विजेता तथा आदर्श सिंह व वत्सल सिंह उप विजेता रहे। बालिका सिंगल में प्रांची अग्रवाल विजेता व प्रेरणा सिंह उप विजेता, युगल में प्रांची व अक्षिता की जोड़ी ने विजेता तथा प्रेरणा व प्रर्णिका की जोड़ी ने उप विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। अंडर-17 में प्रणव निगम विजेता तथा यश मित्तल उप विजेता। युगल में प्रणव निगम व श्रेयांश कुशवाहा विजेता तथा शुभम मुदलियार व आदित्य दुबे उप विजेता रहे। अंडर-19 में प्रणव निगम विजेता व निखिल गुप्ता उप विजेता तथा युगल में आयुष ठाकुर व निखिल गुप्ता विजेता तथा प्रणव निगम व श्रेयांश कुशवाहा उप विजेता रहे। प्रतियोगिता के संचालन में बैडमिंटन संघ के कोच सोमेश लांबा के साथ प्रसिद्ध गोस्वामी, सोनू, यश अग्रवाल व प्रणव अग्रवाल ने रेफरी के रूप में प्रतियोगिता संचालित कराई। 13 जून को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्पोर्ट कॉम्पलेक्स में प्रारंभ हुई प्रतियोगिता का समापन 14 जून को हुआ। सभी विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रतिभागी खिलाड़ियों को भी संघ की ओर से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल, सचिव संदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष बांके बिहारी अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, प्रमोद तायल, हरेन्द्र सिंह, संजीत सिंह, विजय हथगेन, प्रो.रहंगडाले के साथ बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी सक्रिय थे। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अनिल गोयल व सचिव संदीप अग्रवाल ने बताया कि बैडमिंटन संघ द्वारा आगामी माह में संभाग स्तरीय टूर्नामेंट की तैयारियां की जा रही है, जिसमें जशपुर, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया व मनेन्द्रगढ़ जिले की टीमें हिस्सा लेंगी।



## पिलखा क्षीर के बकायादारों द्वारा भुगतान न करने पर होगी दुकान सीलबंदी की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दूध की बकाया राशि की वसूली हेतु बकायदारों द्वारा राशि का भुगतान ना किए जाने पर दूसरा नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है। इसके पश्चात भी राशि भुगतान ना होने पर बकायादारों के दुकानों को सील किया जाएगा। पिलखा नायब तहसीलदार रामबिलास मानिकपुरी ने बताया कि पिलखा क्षीर से दूध व उत्पादक पदार्थ की खरीदी उपरांत भी लाखों रुपए का बकाया राशि भुगतान ना किए जाने पर बिश्रामपुर व सिलफिली के तेरह दुकानदारों से तेरह लाख सत्तासी हजार आठ सौ चौसठ रुपए वसूली किए जाने के संबंध में पिछले दिनों नोटिस जारी किया गया था। नोटिस जारी होने उपरांत कुछ बकायादारों द्वारा बकाया राशि का भुगतान जल्द ही कराए जाने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक राशि भुगतान नहीं कराया गया है। जिसके मद्देनजर अब 18 जून को पुनः दुबारा संबंधित बकायादारों को दूसरी नोटिस जारी की जाएगी। इसके पश्चात भी बकाया राशि का भुगतान जमा नहीं किया गया, तो संबंधित दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए दुकानों को सील किए जाने की कार्यवाही की जाएगी।

■ नायब तहसीलदार पिलखा ने बकायादार डेयरी संचालक व होटल व्यवसायियों को दूसरी बार जारी किया जाएगा नोटिस

### युवक ने अपने ही घर को किया आग के हवाले, सामान जलकर हुए खाक

**रामानुजनगर।** युवक ने अपने ही घर को आग के हवाले कर दिया। आगजनी से घर में रखे सामान जलकर खाक हो गए। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार ग्राम छिंदिया निवासी महाकाल के पुत्र जय सिंह ने अपने ही घर को आग लगा दिया। आग लगते से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। भीषण गर्मी कारण देखते ही देखते पूरे घर में आग फैल गई जिससे घर में रखा सामान जल कर खाक हो गया। बताया जा रहा है कि जय सिंह द्वारा लगभग 2 बजे अपने मकान में आग लगा दिया गया। आग लगने की खबर लगते ही बड़ी संख्या में आसपास के लोग एकत्र हो गए जिससे अफरा तफरी मच गया। घर एक दूसरे से सटे होने के कारण कई घरों में आग फैलने का खतरा बढ़ गया था। इधर लोगों ने आग को बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन काफी देर हो गई जिसे घर में रखा सामान जलकर बर्बाद हो गया।

### विधायक की पहल पर बच्चों को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग की सुविधा

**सीतापुर।** बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ ही शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के लिए विधायक राम कुमार टोप्पो द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग सुविधा शुरू कराई जा रही हैं। बीआरसी कार्यालय परिसर में शुरू होने वाले इस कोचिंग सेंटर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले प्रतिभागी निःशुल्क कोचिंग प्राप्त करेंगे। इस कोचिंग सेंटर में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से 50 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। चयन परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र 19 से 29 जून तक मैनपाट, सीतापुर एवं बतौली के बीइओ कार्यालय में आवेदन जमा करना पड़ेगा। इस आवेदन के साथ पंजीयन हेतु आधार कार्ड की छायाप्रति भी जमा करनी होगी। जिसके बाद 1 जुलाई को शासकीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक चयन परीक्षा आयोजित की जायेगी। इस परीक्षा में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे जिसमें 40 सामान्य ज्ञान और 10 प्रश्न तर्कशास्त्र एवं गणित के होंगे।

**न्यायालयः- व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)**

1- श्रीमती रागिनी पति स्व. हरिकेश्वर कश्यप 2- गीतांजली कश्यप आ. स्व. हरिकेश्वर कश्यप आवेदिका क्रमांक 2 नाबालिग की तरफ से वली माता श्रीमती रागिनी पति स्व. हरिकेश्वर कश्यप समस्त निवासी घुटरी दफाई, वार्ड क्रमांक 13, हल्दीबाड़ी, चिरमिरी, तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी., छ.ग.

प्रति- आवेदिकागण

1- उपक्षेत्रिय प्रबंधक, एन.सी.पी.एच. कॉलरी, एस.ई.सी.एल. चिरमिरी, पो. हल्दीबाड़ी, तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी., छ.ग.

2- मुख्य महाप्रबंधक, एस.ई.सी.एल. चिरमिरी क्षेत्र, कार्यालय मालवीय नगर वेस्ट चिरमिरी, थाना पोड़ी, तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी. छ.ग.

3- आयुक्त, कोयला खान भविष्य निधि कार्यालय, सीपत रोड, बिलासपुर, छ.ग.

4- श्रीमती दुर्गा देवी पति स्व. अमरनाथ, निवासी घुटरी दफाई, वार्ड क्रमांक 13 हल्दीबाड़ी, चिरमिरी, तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी., छ.ग.

5- सर्वसाधारण जो हित रखता हो। ---अनावेदकगण

**ईश्तहार**

यह कि, आवेदिकागण ने इस माननीय न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा.उ.अधि. के तहत प्रस्तुत किये है कि मृतक स्व. अमरनाथ आ. शिवपाल आवेदिका क्रमांक 1 के सगे ससुर और क्रमांक 2 के बाबा जी थे, जिनकी मृत्यु दिनांक 28-11-23 को हो चुकी है, जो आवेदक क्रमांक 1 के कार्यालय में ड्रायबर के पद पर कार्यरत थे तथा आवेदिका क्रमांक 1 के पति एवं मृतक अमरनाथ के पुत्र की मृत्यु दिनांक 25-10-22 को हो चुकी है। तथा मृतक अमरनाथ के नाम से अनावेदक क्रमांक 1,2 व 3 के कार्यालय में सी.एम.पी.एफ. के मद में 46,00,000/- रूपये, ग्रेज्युटी के मद में 20,00,000/- रूपये, ग्रुप ग्रेज्युटी की राशि 2,00,000/- रूपये, एल.सी.एस. की राशि 1,25,000/- रूपये कुल 69,25,000/- रूपये उन्हत्तर लाख पच्चीस हजार रूपये 1/2 अंश + ब्याज को आवेदिकागण के पक्ष में प्राप्त करने हेतु आवेदिकागण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी की जावे।

यह कि, आवेदिकागण एवं अनावेदक क्रमांक 4 के अतिरिक्त मृतक के कोई अन्य वैध उत्तराधिकार हो तो इस न्यायालय में दिनांक 18-06-24 को न्यायालयीन समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें अन्यथा नियमानुसार आवेदिकागण के पक्ष में 1/2 अंश + ब्याज के प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी की जावे।

यह कि, आज दिनांक 03/05/24 को इस न्यायालय के मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई।

(आस्था यादव)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
मनेन्द्रगढ़, जिला-कोरिया (छ.ग.)

**न्यायालयः- व्यवहार न्यायाधीश वर्ग प्रथम, मनेन्द्रगढ़, जिला एम.सी.बी. (छ.ग.)**

1- श्रीमती सुखमनिया पुत्री स्व. मिलन पत्नी संतराम, उम्र करीब 65 साल, 2- मदन साय आ. संतराम, उम्र करीब 40 साल, दोनो निवासी ग्राम खजूरी, पो. कंचनपुर, थाना प्रेमनगर, तहसील प्रेमनगर, जिला सूरजपुर, छ.ग.

प्रति ----- आवेदक

1- उपक्षेत्रिय प्रबंधक, कुरासिया कॉलरी, एस.ई.सी.एल., चिरमिरी, क्षेत्र, पो. कुरासिया, तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी., छ.ग. 2- मुख्य महाप्रबंधक, एस.ई.सी.एल. चिरमिरी क्षेत्र, कार्यालय मालवीय नगर वेस्ट चिरमिरी पोड़ी थाना पोड़ी, तहसील चिरमिरी, जिला एम.सी.बी., छ.ग. 3- आयुक्त, कोयला खान भविष्य निधि कार्यालय, सीपत रोड, बिलासपुर, छ.ग. 4- श्रीमती भगमतिया पति स्व. इन्द्रपाल, उम्र, करीब 45 साल, 5- विकाश उर्फ अनिवाश कुमार आ. स्व. इन्द्रपाल, उम्र करीब 26 साल 6- सतीश कुमार आ. स्व. इन्द्रपाल, उम्र करीब 24 साल, 7- राज कुमार आ. स्व. इन्द्रपाल, उम्र करीब 22 साल, 8- श्रीमती मनीषा पति विकाश कुमार आ. स्व. इन्द्रपाल,

आवेदक क्रमांक 4 से 8 तक सभी निवासी न्यू माईन्स उड़िया स्कूल के पास, गोदरीपारा, थाना व तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी., छ.ग.

9- सर्वसाधारण (जो हित रखता हो)

**ईश्तहार**

आवेदकगण ने माननीय न्यायालय के समक्ष एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भा.उ.अधि. के तहत प्रस्तुत किये है कि मृतक इन्द्रपाल आ. स्व. मोहर साय जो कि आवेदिका क्रमांक 1 का पुत्र है, जिसे आवेदिका क्रमांक 1 के मेडिकल अनपिट के आधार पर अनावेदक क्रमांक 1 के कार्यालय में नौकरी प्रदान की गई थी तथा मृतक इन्द्रपाल का आवेदक क्रमांक 2 मामा है। तथा मृतक की मृत्यु सेवाकाल के दौरान दिनांक 13-01-1994 को बिलासपुर में हो चुकी है, जिसके आवेदकगण उत्तराधिकारी है। तथा मृतक इन्द्रपाल के नाम से अनावेदकगण क्रमांक 1,2 व 3 के कार्यालय में सी.एम.पी.एफ. के मद में 46,00,000/- रूपये, गेज्युटी के मद में 20,00,000/ रूपये, ग्रुप गेज्युटी के मद में 2,00,000/- रूपये एवं एल.सी.एस. के मद में 1,25,000/- रूपये कुल 69,25,000/- रूपये उन्हत्तर लाख पच्चीस हजार रूपये मय ब्याज के जमा है, जिसे प्राप्त करने हेतु आवेदकगण के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी की जावे।

यह कि, आवेदकगण एवं अनावेदक क्रमांक 4 से 8 तक के अतिरिक्त अन्य कोई उत्तराधिकारी हो तो इस न्यायालय में पेशी दिनांक 18-6-24 को न्यायालय समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति पेश करें अन्यथा आवेदकगण के पक्ष में नियमानुसार उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दी जावेगी।

यह कि, आज दिनांक 03/05/2024 को इस न्यायालय के मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी की गई।

(आस्था यादव)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
मनेन्द्रगढ़, जिला-कोरिया, (छ.ग.)

## भटगांव अस्पताल में चार एंबुलेंस फिर भी लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

सड़क दुर्घटना सहित अन्य घटनाओं में घायल हुए लोगों के लिए एंबुलेंस की सेवा किसी वरदान से कम नहीं। घटना के बाद समय पर एंबुलेंस पहुंच जाए तो गंभीर घायलों के समय पर उपचार शुरू होने से जान बचाई जा सकती है वहीं एंबुलेंस नहीं पहुंचे तो घायल की जान भी जा सकती है। कुछ इस तरह की स्थिति भटगांव अस्पताल की है कहने के लिए तो एसईसीएल भटगांव अस्पताल परिसर में 4 एंबुलेंस मरीजों की सेवा के लिए खड़ी रहती है लेकिन हकीकत में वे एंबुलेंस समय रहते मरीजों तक कभी पहुंच नहीं पाती जिससे सड़क दुर्घटना में घायल घटनास्थल पर ही दम तोड़ देता है या फिर घायलों को किसी अन्य सुविधा से संबंधित अस्पताल तक पहुंचाया जाता है। समय पर एंबुलेंस की सेवा उपलब्ध नहीं होने से लोगों में काफी आक्रोश है।

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र में कर्मचारियों और उन पर आश्रित परिवारों सहित क्षेत्र में हो रहे अन्य घटनाओं में घायल व्यक्तियों को संबंधित अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एसईसीएल भटगांव सुविधा प्रदान करती है। एसईसीएल भटगांव एक बड़ी अस्पताल खोल कर रखी है जहां एसईसीएल कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारों का इलाज होता है इनको समय-समय पर उन एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया जाता है लेकिन वर्तमान स्थिति ऐसी है कि अस्पताल में चार एंबुलेंस होने के बावजूद भी एक भी एंबुलेंस समय पर मरीज के पास नहीं पहुंच पाती।

लोगों का कहना है कि एसईसीएल भटगांव अस्पताल में कंपनी द्वारा आश्रित परिवारों सहित अन्य सुविधाओं के लिए 4 एंबुलेंस उपलब्ध कराकर रखा है लेकिन जब भी क्षेत्र में कोई दुर्घटना होती या फिर अन्य समस्याएं उत्पन्न होती इसके लिए पीड़ित मरीजों को घायल व्यक्तियों को जब अस्पताल ले जाने की बात होती है तो प्रारंभिक इलाज के लिए सबसे पहले एसईसीएल अस्पताल भटगांव को फोन करके एंबुलेंस मंगाए जाते है लेकिन समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंचती है। एंबुलेंस सेवा समय पर उपलब्ध नहीं होने से दुर्घटना में घायल या अन्य घटनाओं में पीड़ित व्यक्तियों की क्या हालात होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। समय पर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में काफी आक्रोश है।



घायल को डायल 112 से ले जाते पुलिसकर्मी।

### तीन एंबुलेंस का टेंडर हो चुका है समाप्त

एसईसीएल अस्पताल भटगांव में फिलहाल एक ही एंबुलेंस प्राप्त है। तीन एंबुलेंस का टेंडर समाप्त हो चुका है जिसकी पुनः टेंडर की प्रक्रिया जारी है। एंबुलेंस देरी से पहुंचने का कारण जानकारी देरी से मिलने के कारण होता है जबकि जानकारी मिलते ही एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। एंबुलेंस में 3 चालक रखे गए है जो नियमित ड्यूटी समय पर गाड़ी में उपलब्ध होते है।

-डॉ. आरके सिंह स्वास्थ्य अधिकारी एसईसीएल अस्पताल भटगांव

## पलटन घाट में मर गई हजारों मछलियां जहर डालने की आंशका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

एक तरफ मानसून से पहले शासन प्रशासन द्वारा मछली मारने पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है तो दूसरी ओर लोग मछली मारने के लिए नदियों में ही जहर डाल रहे है।

ऐसा ही एक मामला रामानुजगंज के ग्राम पलटनघाट का सामने आया है जहां अचानक ही बड़ी संख्या में मछलियां मर गई। अंदाजा लगाया जा रहा है कि मछली मारने के लिए अज्ञात लोगों द्वारा जहर डाला गया है। बताया जा रहा है कि रामानुजगंज के पलटन घाट में मौजूद नदी में गुरुवार को बड़ी संख्या में मछलियां मर गई। दुर्गन्ध के बाद जब स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो हजारों की संख्या में मछलियां मरी हुई मिली। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि पल्टन घाट की कनहर नदी में अज्ञात लोगों द्वारा मछली मारने के लिए जहर डाला गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि वे पलटन घाट कनहर नदी में नहाने के लिए आये थे यहां आकर देखा तो नदी में मछलियां मरी हुई है। हमारे घर के लोग यहां नहाने के लिए आते हैं पशु-पक्षी भी यहां पानी पीने आते हैं। मछुआरों ने नदी के पानी में जहर डाला है जिसके कारण मछलियां मर गई।

## पेज 1 का शेष...

### शिक्षकों का ब्लाक...

डिकोडिंग प्रारंभ करने से पहले इन बातों को सुनिश्चित कर ले। बच्चे मौखिक भाषा की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं, बच्चे शब्दों को ध्वनियों को जोड़-तोड़ पा रहे हैं और प्रथम ध्वनि को पहचान रहे हैं तथा बच्चों ने लिखने के लिए आवश्यक हस्त संतुलन बना लिया है, बच्चे कुछ शब्दों को देखकर पहचान जाते हैं। इस प्रशिक्षण से निश्चित ही एफएलएन की दक्षता को नियत समय पर पूर्ण करने में सहयोग मिलेगा।

### प्याज और टमाटर...

बाजार में टमाटर 50 रूपए प्रति किलो, लौकी 30 रूपए प्रति नग,करेला 40 रूपए, बरबट्टी 40 रूपए, खीरा 30-40 रूपए, ढोढ़का 40 रूपए प्रति किलो की दर से विक्रय की जा रही है। वहीं मिर्च 120 रूपए किलो की दर से बेची जा रही है। वहीं परवल का भाव 50 रूपए पार हो गया है। इसके अलावा लहसून 50 रूपए पाव यानी 200 रूपए किलों चल रहा है। इसके कारण लोगों के घर का बजट बिगड़ना शुरू हो गया है।